हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 20 जनवरी 2026

04 खेल से ही होता है मानसिक और शारीरिक विकासः सार




07 6329 अनमैप्ड वोटर्स को नोटिस जारी अभी तक 1444 की हो...





## खबर संक्षेप

### आज बीना में होने वाली जनसुनवाई स्थगित

**सागर।** सागर जिले के बीना विकासखंड में आगामी 20 जनवरी 2026 दिन मंगलवार को होने वाली विशेष जनसुनवाई को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार नवीन तिथि की घोषणा जल्द ही की जाएगी। अन्य विकासखंड में जनसुनवाई यथावत निर्धारित तिथियों पर आयोजित की जाएगीं।

### रहली में मानव संसाधन विकास कार्यक्रम का आयोजन

**सागर।** विकासखण्ड रहली के ग्राम चनौआ बुजुर्ग में एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन पर केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र मुरैना द्वारा मानव संसाधन विकास कार्यक्रम रबी 2026 का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में आईपीएम के घटक सस्य नियंत्रण, यांत्रिक, वानस्पतिक कीटनाशी, जैविक कीटनाशी और रासायनिक कीटनाशी घटकों के उपयोग करने की विधियों की विस्तार से जानकारी दी गई । इस कार्यक्रम में एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र मुरैना के डॉ कटियार, डॉ अभिषेक, वैज्ञानिक डॉ आशीष त्रिपाठी, क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी आनंद मुलेवा, चेतन बड़ोले, राहुल सिंह लोधी और जनपद सदस्य करणसिंह, सरपंच छोटू कुर्मी और उन्नतशील 50 से अधिक कृषकों की उपस्थिति रही।

### खेलो एम.पी.यूथ गेम्स प्रतियोगिता-बालक वर्ग में संपन्न हुई

**सागर।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण भोपाल द्वारा दिये गये निर्देशानुसार खेलों एम.पी.यूथ गेम्स 2026 का चार चरणों में आयोजित किया जाना था, जिसमें प्रथम चरण में विकासखंड स्तर पर चयन स्पर्धा उपरांत, द्वितीय चरण जिला- 21 खेलों स्तरीय खेलों एम.पी. यूथ गेम्स 2026, में खेल परिसर सागर में बालक वर्ग में - 21 खेलो एथलेटिक्स, हॉकी, बाक्सिंग, खो-खो, तैराकी, टेबल टेनिस, मलखम्ब, कुश्ती, जूडो, शतरंज, वेटलिफ्टिंग, फुटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, पिट्टू, बास्केटबॉल, टेनिस, योगासन, रस्साकस्सी, कबड्डी में प्रातः 10:00 बजे से आयोजन किया गया, आयोजन में समस्त 11 विकासखंडों की बालक वर्ग में लगभग 900 खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह विधायक शैलेन्द्र जैन, विधायक विधानसभा क्षेत्र सागर के मुख्य आतिथ्य एवं सभी 21 खेलों के संघ पदाधिकारियों की उपस्थित में सम्पन्न हुआ।

### सड़क सुरक्षा हेतु जन जागरूकता अभियान

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-44 पर सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु एक विशेष जनजागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट के अनिवार्य उपयोग के प्रति जागरूक किया गया तथा हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले चालकों को फूल-मालाएँ पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही अन्य चालकों को भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी दोपहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करें तथा चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट पहनकर ही वाहन चलाएं। इसके अतिरिक्त, सड़क सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु वाहनों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप एवं रिफ्लेक्टर लगाने का कार्य भी निरंतर किया जा रहा है, जिससे रात्रिकालीन दृश्यता बढ़े और दुर्घटनाओं की संभावना में कमी आए। यह अभियान यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देने एवं आम नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार व्यवहार विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण है।

---

भोपाल से प्रशिक्षण प्राप्त कर वापस लौट रहे थे अतुल, राजघाट चौराहे पर छूट गया था लैपटॉप

# सीसीटीवी कंट्रोल रूम की पैनी नजर और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में खोया लैपटॉप बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर पुलिस के सीसीटीवी कंट्रोल रूम की सतर्क निगरानी प्रणाली, तकनीकी दक्षता एवं वरिष्ठ अधिकारियों के त्वरित निर्देशन के परिणामस्वरूप एक ग्राम रोजगार सहायक का अत्यंत कीमती लैपटॉप एवं महत्वपूर्ण शासकीय दस्तावेज सुरक्षित रूप से बरामद कर उन्हें वापस सौंपे गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार अतुल आठिया, ग्राम रोजगार सहायक, भोपाल से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने चार अन्य साथियों के साथ सागर लौट रहे थे। दिनांक 17/01/2026 की रात्रि लगभग 02 से 03 बजे, राजघाट चौराहे पर वाहन से उतरते समय उन्होंने अपना लैपटॉप बैग एवं जैकेट फुटपाथ पर स्थित बैंच पर रख दिया। आपसी भ्रम के कारण सामान वहीं छूट गया, जिसकी जानकारी उन्हें तत्काल नहीं हो सकी। दूसरे दिन शाम को स्मरण आने पर साथियों से पूछताछ की गई, परंतु लैपटॉप किसी के पास नहीं मिला। पूरे दिन प्रयास के बावजूद जब लैपटॉप का पता नहीं चला, तब थाना गोपालगंज में प्रधान आरक्षक अनिल प्रभाकर को सूचना दी गई।



मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव उइके को संपूर्ण जानकारी फोन के माध्यम से अवगत कराई गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल कंट्रोल रूम में पदस्थ उप निरीक्षक आर.के.एस. चौहान को लैपटॉप खोजने हेतु निर्देशित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर उप निरीक्षक आर.के.एस. चौहान द्वारा महिला प्रधान आरक्षक रेखा रजक, आरक्षक योगेश ठाकुर के साथ मिलकर सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से अवलोकन किया गया। लगातार 4 घण्टे के प्रयासों एवं सूक्ष्म विश्लेषण के दौरान धुंधली फुटेज में यह स्पष्ट हुआ कि किसी व्यक्ति द्वारा सुबह 6 बजे उसी स्थान से लैपटॉप उठाकर पास की चाय की दुकान पर सुरक्षित रखने हेतु दिया गया है।

इस महत्वपूर्ण सुराग के आधार पर थाना गोपालगंज से चीता मोबाइल को कंट्रोल रूम बुलाया गया, जिसमें आरक्षक चंद्रकांत एवं आरक्षक नेकराम ड्यूटी पर तैनात थे। टीम को तत्काल चिन्हित स्थान पर रवाना किया गया। चाय दुकानदार से पूछताछ करने पर उसने बताया कि सुबह एक ऑटो चालक लैपटॉप उठाकर उसकी दुकान पर सुरक्षित रखने हेतु दे गया था, जिसे उसने पूरी ईमानदारी से संभालकर रखा।

पुलिस टीम द्वारा लैपटॉप को सुरक्षित कब्जे में लेकर सीसीटीवी कंट्रोल रूम सागर लाया गया, जहां संबंधित व्यक्ति अतुल आठिया को बुलाकर उनका लैपटॉप, बैग एवं सभी आवश्यक शासकीय दस्तावेज पूर्णतः सुरक्षित अवस्था में सुपुर्द किए गए। लैपटॉप प्राप्त होने पर अतुल आठिया ने बताया कि लैपटॉप में मौजूद डाटा अत्यंत महत्वपूर्ण एवं बहुमूल्य था, जिसकी कीमत लैपटॉप से भी कहीं अधिक थी, साथ ही बैग में आवश्यक कार्यालयीन दस्तावेज भी रखे हुए थे। उन्होंने सागर पुलिस, विशेषकर सीसीटीवी कंट्रोल रूम टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव उइके, लोकेश कुमार सिंहा के निर्देशन में, उप निरीक्षक आर.के.एस. चौहान एवं प्रधान आरक्षक रेखा रजक, (थाना ट्रैफिक) आरक्षक योगेश ठाकुर द्वारा तत्परता एवं सूझबूझ से की गई, जो सागर पुलिस की तकनीक-आधारित, संवेदनशील एवं भरोसेमंद पुलिसिंग का सशक्त उदाहरण है।

---



## सांदीपनि विद्यालय सागर में एनसीसी 'ए' प्रमाणपत्र परीक्षा संपन्न

**सागर।** 7 एमपी गर्ल्स बटालियन की जूनियर विंग की एनसीसी 'ए' प्रमाणपत्र परीक्षा वर्ष 2026 का आयोजन सांदीपनि म.ल.व. विद्यालय क्रमांक 1, सागर केंद्र में किया गया। यह परीक्षा 7 एमपी गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुजीत देशमुख के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण सूबेदार मेजर सतीश के निर्देशन में दिनांक 17 एवं 18 जनवरी को संपन्न हुई। परीक्षा में लिखित एवं प्रायोगिक दोनों चरण शामिल थे, जिसमें बटालियन से संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के लगभग 204 जूनियर कैडेट्स ने सहभागिता की। परीक्षा का निरीक्षण सागर ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर विकास बहुगुणा एवं ट्रेनिंग ऑफिसर द्वारा किया गया। परीक्षा के सफल संचालन में सांदीपनि विद्यालय की एनसीसी प्रथम अधिकारी स्मिता मिश्रा व एनसीसी अधिकारी सीता यादव, अर्चना पांडेय, उर्मिला तिवारी, श्वेता राठौर, शालिनी मिश्रा, कविता प्रधान एवं नेहा जैन का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर बटालियन का पीआईस्टाफ, क्लर्क स्टाफ एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



## शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने एस आई आर को लेकर संयुक्त कलेक्टर से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

**सागर।** जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव एवं कांग्रेस के एसआईआर प्रभारी शैलेंद्र तोमर व कांग्रेस जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ के नवनियुक्त अध्यक्ष महेश अहिरवार ने सोमवार को एस आई आर को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की। महेश जाटव ने कहा कि यह निश्चित करें कि जो एस आई आर का काम चल रहा है उसमें किसी किस्म की कमी ना हो। इस अभियान में कांग्रेस की बराबर की नजर है मृत मतदाताओं के नाम काटने और नए मतदाताओं के नाम जोड़ने तथा जिनके 2003 की सूची में नाम नहीं मिला था उनके नाम जोड़ने नीतिगत पहल की जाए। संयुक्त कलेक्टर को दिए ज्ञापन में महेश जाटव ने कहा कि लोकतंत्र की स्थापना के लिए इस कार्य में पारदर्शिता बहुत जरूरी है एवं कहा कि फॉर्म नंबर 7 वही मान्य किया जाए जो निर्वाचन आयोग द्वारा दिया जा रहा है और अन्य दल द्वारा अगर फार्म उपलब्ध कराए जा रहे हो तो वह निरस्त किए जाए। महेश जाटव ने कहा कि 1 दिन में लगभग 15 फॉर्म ही तैयार किये जा सकते हैं और जिन बूथों पर एक दिन में 15 से अधिक फॉर्म तैयार किए गए हैं उनकी जांच भी जरूरी है । महेश जाटव ने कहा कि एस आई आर को लेकर दावा आपत्तियों के लिए 22 जनवरी तक निर्धारित है ।

---



## इस वर्ष पूर्ण होगा छोटे तालाब का सौंदर्यीकरण एवं शुद्धिकरण कार्य,कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

**सागर।** ऐतिहासिक लाखा बंजारा झील के संजय ड्राइव क्षेत्र स्थित छोटे तालाब के सौंदर्यीकरण एवं शुद्धिकरण का कार्य इसी वर्ष पूर्ण कर लिया जाएगा। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने सोमवार को छोटे तालाब में चल रहे सौंदर्यीकरण एवं शुद्धिकरण कार्यों के निरीक्षण के दौरान दी। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखते हुए तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना शहर की पहचान और नागरिकों की सुविधा से जुड़ी हुई है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं और निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि छोटे तालाब के कायाकल्प हेतु व्यापक स्तर पर सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य किए जा रहे हैं। इनमें आकर्षक घाटों का निर्माण, नागरिकों के लिए वॉकिंग ट्रैक, तालाब में फाउंटेन की स्थापना, सुंदर एवं आधुनिक लाइटिंग व्यवस्था, बैठने के लिए बेंच, छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा, भगवान शिव की प्रतिमा, बच्चों के मनोरंजन हेतु टॉय ट्रेन, सुंदर मंडपम सहित अन्य आवश्यक विकास कार्य शामिल हैं। इसके साथ ही तालाब के जल की स्वच्छता बनाए रखने के लिए शुद्धिकरण से जुड़े कार्य भी तेजी से किए जा रहे हैं।निगमायुक्त ने कहा कि कार्य पूर्ण होने के उपरांत छोटा तालाब न केवल शहर की सुंदरता में चार चांद लगाएगा, बल्कि यह नागरिकों के लिए एक स्वच्छ, सुरक्षित एवं आकर्षक सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित होगा। उन्होंने यह भी कहा कि बड़े तालाब के सौंदर्यीकरण के बाद अब जल्द ही छोटा तालाब भी स्वच्छ और सुंदर स्वरूप में नजर आएगा, जिससे सागर शहर की छवि और अधिक सुदृढ़ होगी।

## देवरी नगर पालिका में भरी और खाली कुर्सी के लिए मतदान शांतिपूर्ण रूप से संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

देवरी नगर पालिका अध्यक्ष को पद से वापस बुलाने के लिए सोमवार 19 जनवरी को मतदान शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान की चुनावी तैयारी पूरी की गई थी। 19 जनवरी को सुबह 7 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक भरी कुर्सी और खाली कुर्सी के लिए मतदाताओं ने ईवीएम मशीन का बटन दबाकर मतदान किया। 15 वार्डों के लिए 30 मतदान केंद्र बनाए गए थे, जिनमें 69.29 प्रतिशत मतदान हुआ। एसडीएम मुनव्वर खान ने बताया कि आज हुए मतदान में 7242 पुरुष एवं 6095 महिला मतदाताओं ने अपना मतदान किया। इस प्रकार कुल 13,337 मतदाताओं ने अपने



मताधिकार का प्रयोग किया। राज्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा नियुक्त प्रेक्षक भी लगातार निरीक्षण करते रहे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी. आर. के निर्देश पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश रावत, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मुनव्वर खान तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिंहा लगातार मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मॉनिटर करते रहे। रिटर्निंग अधिकारी मुनव्वर खान ने बताया कि मतगणना 21 जनवरी को प्रातः 8:00 बजे से नेहरू कॉलेज, देवरी में शुरू होगी।

## भूपेंद्र भैया की ब्लड हेल्पलाइन सेवा ने गत दो हफ्तों में 51 जरुरतमंदों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया

**सागर।** मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह के कार्यालय से संचालित रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से गत 5 जनवरी से 18 जनवरी के मध्य 51 जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया है। भूपेंद्र भैया की ब्लड हेल्प हेल्पलाइन सागर जिले के बीमारों, जरूरतमंदों के लिए लाइफलाईन की तरह काम कर रही है। रक्त हेल्पलाइन सेवा के माध्यम से जरूरतमंदों मरीजों को निशुल्क रक्त उपलब्ध कराया। गत दो सप्ताहों में 51 जरूरतमंदों को इस सेवा से रक्त उपलब्ध हुआ उनमें सागर जिले की लगभग सभी तहसीलों के अलावा रायसेन जिले की बेगमगंज तहसील के भी ऐसे मरीज शामिल हैं जो सागर संभागीय मुख्यालय पर इलाज कराने आए। रक्तदान को सेवा प्रकल्प के रूप में अपनाने वाले पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह तथा उनके पुत्र अविराज सिंह के जन्मदिन पर इस वर्ष के मई तथा नवंबर माहों आयोजित हुए दो रक्तदान शिविरों में लगभग 2181 यूनिट रक्तदान हुआ है और पिछले दस सालों में लगभग 17 हजार यूनिट रक्त एकत्रित हुआ है।

## पेयजल की समस्याओं के निराकरण हेतु शहर की चार पानी की टंकियों पर मंगलवार को होगी जल सुनवाई

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत नागरिकों की पेयजल से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु 20 जनवरी मंगलवार को शहर में चार पानी टंकियों जिनमें शनीचरी, पंतनगर, मोतीनगर एवं विठ्ठल नगर पानी की टंकी पर प्रातः 11 से दोपहर 1 बजे तक जल सुनवाई आयोजित की गई है। नागरिकगण पेयजल से सम्बन्धित सभी शिकायतों के निराकरण हेतु संबंधित वार्ड की पानी की टंकियों पर उपस्थित होकर अपनी समस्याओं को बता सकते हैं।

---

बुंदेलखंड गुरु भक्त परिवार के सदस्यों ने विधायक जैन का सम्मान कर आमंत्रण पत्रिका भेंट की

# श्री णमोकार तीर्थ में केवल पंचकल्याणक महोत्सव नहीं बल्कि जैन समाज का कुम्भ हैः विधायक शैलेन्द्र जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सोमवार को बुंदेलखंड गुरु भक्त परिवार के सदस्यों ने विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन से भेंट कर उन्हें आगामी 6 फरवरी से 25 फरवरी तक श्री णमोकार तीर्थ में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पंचकल्याण प्राणप्रतिष्ठा एवं महामस्तकाभिषेक महोत्सव की आमंत्रण पत्रिका भेंट कर उन्हें सपरिवार आमंत्रित किया। उपस्तिथ सदस्यों ने विधायक जैन को आयोजन के सम्बन्ध विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि भगवान श्रीराम के- पदचिह्नों से पावन रामटेकडी (मालसाने) की लगभग 12 हजार वर्ष पुरानी ऐतिहासिक भूमि पर 27 एकड़ में फैला यह विशाल तीर्थ, आस्था और स्थापत्य का अनुपम संगम बन रहा है। 2014 में शुरू हुआ निर्माण कार्य अब अपने जिनबिंब पंचकल्याणक महोत्सव के लिए तैयार हो गया है। यह महोत्सव अपने स्वरूप और भव्यता में अब तक का अद्वितीय विशाल आयोजन होगा। इस क्षेत्र में बने 108 फीट ऊँचे विशाल समवशरण जो 5.5 एकड़ में फैला है इस भव्य समवशरण में त्रिकाल चौबीसी, सहस्त्रकूट जिनालय और 24 तीर्थंकर



जिनालय स्थापित होंगे। इस महामहोत्सव में 3000 से अधिक जिनबिंब प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा सम्पन होगी।

इस दौरान सागर विधायक शैलेंद्र जैन ने पूज्य आचार्य देवनंदी जी महाराज के सानिध्य में बीते संस्मरणों को साझा करते हुए कहा कि शाहगढ़ की पावन धरा पर जन्मे आचार्य श्री ने अपनी कठोर तपस्या और साधना से न केवल जैन धर्म की प्रभावना बढ़ाई, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी क्षेत्र का मान बढ़ाया है। मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे निरंतर पूज्य आचार्य श्री का आशीष एवं वात्सल्य प्राप्त होता हैं।

विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि अब वह ऐतिहासिक क्षण आ गया है, जब पूज्य गुरुदेव का संकल्प भव्य एवं दिव्य श्री णमोकार तीर्थ के रूप में साकार हो रहा है। यह तीर्थ आने वाली पीढ़ियों के लिए आस्था और संस्कारों का केंद्र बनेगा। 400 से अधिक श्रमण संस्कृति के साधु-साध्वी के सानिध्य में आयोजित यह आयोजन मात्र एक पंच कल्याणक महोत्सव नहीं, बल्कि जैन समाज के 'कुम्भ' के समान है। सागर जिले के शाहगढ़ की माटी से निकलकर देश के कोने-कोने में धर्म की ध्वजा फहराने वाले पूज्य आचार्य श्री देवनंदी जी महाराज की त्याग और तपस्या इस तीर्थ के कण-कण में समाहित है।मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूँ कि मुझे इस महान अनुष्ठान का साक्षी बनने का अवसर मिल रहा है। मैं सपरिवार इस भव्य एवं दिव्य आयोजन में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करूँगा।

मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया की इस अवसर पर श्रीमंत सेठ प्रवीण जैन दादा, जय कुमार जैन श्रीयांश जैन संग सेल्स, राकेश गोदरे, पार्षद प्रतिनिधि आशुतोष पराग बजाज, देवेंद्र फुसकेले, विपिन जैन, इंजी संजीव जैन, रविकांत जैन, जितेंद्र जैन, प्रदीप लुहारी, राहुल पडेले, अंकित जैन, संजय सवाई, डॉ. आनंद जैन, अमित चौधरी, सजग जैन, श्रीकांत जैन, नीलेश जैन, नीतेश जैन संदर्भ जैन सहित गुरु भक्त परिवार के सदस्य उपस्तिथ रहें।



## निगम के बकाया करों की वसूली हेतु गोपालगंज व वृंदावन वार्ड में आयोजित किया गया शिविर

**सागर।** नगर निगम सागर द्वारा बकाया करों की वसूली को लेकर नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से वार्डवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार सोमवार को राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी की उपस्थिति में गोपालगंज एवं वृंदावन वार्ड में वसूली शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता करते हुए अपने नगर निगम के बकाया संपत्तिकर, जलकर एवं कचरा प्रबंधन शुल्क की राशि जमा की। शिविर में राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा करदाताओं को आवश्यक जानकारी प्रदान की गई तथा सरल प्रक्रिया के माध्यम से करों का भुगतान कराया गया। नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वार्ड स्तर पर शिविर लगने से उन्हें नगर निगम कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ते और समय की भी बचत होती है। राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम द्वारा आगामी दिनों में अन्य वार्डों में भी इसी प्रकार कर वसूली शिविर आयोजित किए जाएंगे। निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नगर विकास में करों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे नगर निगम के संपत्तिकर, जलकर एवं कचरा प्रबंधन शुल्क की बकाया राशि समय पर जमा कर नगर निगम के विकास कार्यों में सहयोग प्रदान करें।

## खबर संक्षेप

### अचानक लापता हो गई नाबालिग पुत्री

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला युवक ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह किराए से मकान में रहता है और मजदूरी करके अपना व परिवार का भरण-पोषण करता है। 16 जनवरी की रात करीब 10 बजे वह परिवार के साथ घर में सो रहा था। उसी समय उसने पानी पीने के लिए उठा तो देखा कि उसकी नाबालिग पुत्री घर में नहीं थी। पूरे घर व घर के बाहर जाकर तलाश किया, लेकिन पुत्री नहीं मिली। उसने आस-पड़ोस व रिश्तेदारों के यहां भी जानकारी की तो पुत्री की जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत सूचना दर्ज कर ली है।

### बाइक की आमने-सामने टक्कर से युवक हुआ घायल, झांसी रेफर


**ललितपुर।** रिपोर्टिंग पुलिस चौकी राजघाट क्षेत्रांतर्गत ग्राम रानीपुरा में रहने वाली मीना पत्नी कैलाश यादव ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका पुत्र ग्राम चमरौआ से दूध खरीदकर अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.सी. 4743 से घर आ रहा था। तभी पीछे से धनुषराम बैठा था, जिससे रास्ते में राजघाट से तेज गति व लापरवाही से आ रही मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एफ. 9548 पर सवार तीन लोगों में ग्राम ननौरा निवासी अर्जुन पुत्र हरगोविन्द लोधी, अनिल पुत्र जयदेव व प्रशान्त पुत्र कालूराम झां ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे धनुषराम को गंभीर चोटें आयीं और मनमोहन को अंधरूनी चोटें आयीं व मोटर साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गयी। घटना की सूचना चौकी राजघाट पुलिस को दी गयी, तब पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बुरी तरह से घायलों को मेडीकल कॉलेज भेजा, जहां धनुषराम की हालत नाजुक होने पर उसे मेडीकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 (ए), 125 (बी), 281, 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मुंह पर ईंट मारकर किया महिला को घायल

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला रामनगर में रहने वाले महेन्द्र सिंह पुत्र तोरन ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 16 जनवरी की शाम करीब 5.30 बजे वह मोहल्ला चौकाबाग में खड़ा था, तभी आरएमबी के पीछे रहने वाले उदय अपने एक अज्ञात साथी के साथ आया और उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके मुंह पर गुम्मा उठाकर मार दिया, जिससे उसके मुंह में काफी चोट लग गयी और दांत हिलने लगे। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर 115 (2), 351 (3), 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पंचतत्व में विलीन हुए नेमवि के पूर्व प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा

**ललितपुर।** जिले के प्रख्यात साहित्यकार, लेखक और अपनी



जीवन्त लेखनी से प्रत्येक महापुरुष की जयन्ती, त्यौहारों व राष्ट्रीय पर्वों पर लेख प्रस्तुत कर लोगों को रोमांचक किस्से बताने वाले नेहरू महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो.भगवत नारायण शर्मा का शनिवार देर रात निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनकर शहर में शोक लहर दौड़ गयी। बताते चलें कि प्रो.भगवत नारायण शर्मा अपने हंसमुख स्वभाव, हिन्दी साहित्य में असाधारण ज्ञान को लेकर काफी प्रख्यात थे। उनके लिखे हुये लेख लोगों में काफी प्रेरणादायी रहे। मनोज शर्मा और सिद्धार्थ शर्मा के पूज्यनीय पिता प्रो.भगवत नारायण शर्मा के आकस्मिक निधन से शहर में शोक का माहौल बना हुआ है। रविवार को उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास स्थान रिशाला मंदिर के पास से निकाली गयी, जो कि इलाइट चौराहा स्थित मुक्तिधाम पर पहुंची, जहां उन्हें पंचतत्व में विलीन किया गया।

---

#### बजाज एनर्जी समूह बच्चों के साथ जवानों ने भी की मैराथन दौड़

## खेल से ही होता है मानसिक और शारीरिक विकासः सार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर




ललितपुर पॉवर जेनरेशन कंपनी परिसर में मैराथन 2026 को हरी झंडी दिखाकर शुरू कराते कंपनी के सीईओ ए एन सार।

बजाज एनर्जी समूह की ललितपुर पॉवर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड में मैराथन 2026 में अधिकारियों एवं उनके परिजनों ने जबर्दस्त उत्साह के साथ भाग लिया। स्वस्थ भारत के संकल्प के साथ शुरू हुई मैराथन में बच्चे, महिलाओं व पुरुषों ने भागीदारी की। इस मौके पर कंपनी के सीईओ ए एन सार ने खेलों के माध्यम से लंबी और निरोगी काया पर प्रकाश डाला।

आज सुबह 7 बजे से बजाज एनर्जी समूह की ललितपुर पॉवर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड परिसर में आयोजित मैराथन 2026 में प्रतिभाग करने के लिए कंपनी अधिकारियों व उनके परिजनों में भारी उत्साह देखा जा रहा था। मैराथन की शुरुआत से पूर्व कंपनी के सीईओ ए एन सार ने कहा कि खेल व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को खेलों में प्रतिभाग करके लंबी और निरोगी काया रखने के मंत्र का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक आप के अंदर छिपा खिलाड़ी सक्रिय रहेगा बीमारियां आपसे दूर भागती रहेंगी। कंपनी इस वर्ष मैराथन का आयोजन स्वस्थ भारत के संकल्प के साथ कर रही है।

इसके बाद उन्होंने हरी झंडी दिखाकर मैराथन की शुरुआत कराई। इस मौके पर लोग जमकर भागे और एक दूसरे को पछाड़ने की जद्दोजहद के बीच खेल भावना का परिचय दिया। इस मैराथन के वही सिकंदर बने जिनके शरीर में दम और निरंतर अभ्यास था।

मैराथन प्रतियोगिता के ग्रुप ए (आयु वर्ग 40 साल से कम) में प्रथम शिवम राजपूत, द्वितीय कृष्णा मेघवंशी, तृतीय अजय कुशवाहा, ग्रुप बी (महिला वर्ग) में प्रथम विमला यादव, सीमा चौधरी, तृतीय। शांभवी मिश्रा शामिल हैं।

---

#### शहर कोतवाली पुलिस ने ठगी के मामले में गिरफ्तार कर भेजा था जेल

## जेल में निरूद्ध आरोपित का सात माह बाद पुलिस ने मांगा रिमांड, न्यायाधीश ने किया खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर।

नौकरी के नाम पर ठगी करने के मामले जेल में निरूद्ध गोलू यादव पर पुलिस का शिकंजा कसता नजर आ रहा है। हाल में पुलिस ने बीते वर्ष के माह मई में थाना नाराहट क्षेत्र में एक आरोपित के साथ हुई साइबर अपराध के मामले में जेल में निरूद्ध आरोपित के खिलाफ न्यायालय से रिमाण्ड मांगने पहुंचे एक निरीक्षक को निराश होकर वापस आना पड़ा, न्यायाधीश ने आरोपित के अधिवक्ता की ओर से दी गयी दलीलों एवं पुलिस के ओर से पेश किये गये अभिलेखों के आधार पर न्यायिक अभिरक्षा देने से इंकार करते हुये जांच अधिकारी के प्रार्थना पत्र को निरस्त कर दिया है।

बीते वर्ष 24 दिसम्बर को शहर कोतवाली पुलिस ने नगर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी भूपेन्द्र तिवारी ने मेडिकल कॉलेज में नौकरी दिलाने के नाम पर करीब साढ़े सात लाख की ठगी करने के आरोप लगाये थे। पुलिस ने मोहल्ला पिसनारी निवासी सत्यभान यादव उर्फ गोलू यादव व कुछ अज्ञात आरोपितों के खिलाफ रंगदारी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर नामजद आरोपित गोलू यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोपित के जेल जाने के बाद नगर में ठग या पुलिस के मुखबिर की चर्चा जोरो पर होने लगी थी। आरोपित के जेल जाने के बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात एक पुलिसकर्मी की आरोपित से करीबियों के चलते उसे सस्पेंड करने की चर्चा जोरों पर बनी हुई है। लेकिन आरोपित द्वारा पुलिस अधिकारियों पर लगाये गये आरोप गंभीर होने के कारण पुलिस विभाग के आलाधिकारियों ने एसओजी व सस्पेंड हुये पुलिसकर्मी के खिलाफ विभागीय जांचे शुरू कर दी है। सूत्रों की माने तो सस्पेंड हुआ सिपाही फिलहाल जनपद से गायब नजर आ रहा है और उसके खिलाफ होने वाली जांच भी गैर जनपद स्थानातरित होने की चर्चा जोरो पर बनी हुई है। सात माह पूर्व साइबर थाने में दर्ज हुये अपराध के मामले में जेल में निरूद्ध आरोपित गोलू यादव के खिलाफ रिमाण्ड मांगने के मामले में आरोपित पक्ष के अधिवक्ता आनंद चतुर्वेदी द्वारा दी गयी।

---

## उपजा यूपी जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन मड़ावरा तहसील इकाई की मासिक बैठक हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶मड़ावरा, ललितपुर



यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन तहसील ईकाई मड़ावरा की मासिक बैठक श्रीशाला जी मंदिर परिसर में संगठन जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा की अध्यक्षता में किया गया है। जिसमें मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिसमें नए सदस्यों को संगठन से जोड़ते हुए मड़ावरा तहसील इकाई का पदभार ग्रहण कराया गया और संगठन से दूरी बना चुके सदस्य पत्रकार प्रियंक सराफ, इमरान खान, अजीज खान, अखलेश साहू को सर्व सम्मति से संगठन से निष्कासित किया गया। तहसील महामंत्री पद पर मयंक पाण्डेय साढूमल व तहसील संयोजक पद पर प्रकाश सिंह लोधी का चयन किया गया। जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा का फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर संगठन की जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान सतीश नायक, मयंक पांडे, राकेश कुमार वैध, रामजी तिवारी, वीरेंद्र सिंह सेंगर, विक्रम सिंह सेंगर, विनोद कुमार जैन, प्रवीन जैन, प्रतीक कुमार दीक्षित, प्रकाश सिंह लोधी, नवल कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## खेत से भैंसे निकालने की कहने पर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

कोतवाली महरौनी अंतर्गत मोहल्ला अथाईपुरा के लोहागढ़ निवासी दीपेन्द्र सिंह पुत्र स्व. जयहिन्द सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 17 जनवरी शनिवार को सुबह करीब 11 बजे वह अपने खेत पर भैंसों को चरा रहा था। तभी तेजसिंह पुत्र शिवराज सिंह पहले से उसके खेत में अपनी भैंस चरा रहा था। उक्त व्यक्ति को जब उसने खेत से भैंस निकालने के लिए कहा तो तेज सिंह ने उसके साथ गालियां दी और उसने नीलेश पुत्र केहर सिंह को बुलाकर दोनों ने उसके साथ मारपीट कर दी और धमकाते हुये कहने लगे कि कार्यवाही की तो जान से मारकर फेंक देंगे। आरोप है कि उक्त लोग रुपयों का रौब दिखाते हुये कहने लगे कि उसे जान से मारकर सब निपट लेंगे।

### पत्रकार भवन की मांग करते हुए ग्रापए मड़ावरा ने सौंपा जिलाधिकारी को ज्ञापन

**ललितपुर।** पत्रकार भवन की मांग को लेकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई मड़ावरा द्वारा एक ज्ञापन जिलाधिकारी सत्यप्रकाश को सौंपा गया। ज्ञापन में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई मड़ावरा द्वारा जिलाधिकारी मड़ावरा से मांग की गई कि तहसील मड़ावरा क्षेत्र के पत्रकार बन्धुओं को वर्तमान में बैठक व आवश्यक गतिविधियों के संचालन करने करने के लिए कोई नियत स्थान प्रदान नहीं किया गया है जबकि जनपद के तालबेहट,महरौनी आदि तहसील मुख्यालयों पर प्रशासन के सहयोग से पत्रकार भवन बनवाये गए हैं। जिलाधिकारी से पत्रकार हित में अतिशीघ्र ही तहसील मड़ावरा मुख्यालय अंतर्गत कोई नियत स्थान सरकारी भवन या भूमि पत्रकार भवन के लिए प्रदान करने का अनुरोध किया है। पत्रकारो ने ज्ञापन में बताया कि पूर्व में तत्कालीन जिलाधिकारी से मड़ावरा में पत्रकार भवन की मांग की थी। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को आदेशित किया गया था कि मड़ावरा में पत्रकारो को बैठक एवं प्रेस वार्ता के लिए भवन उपलब्ध करा दिया जाए। तत्कालीन उपजिलाधिकारी अधिकारी ने सीएचसी मड़ावरा के गेट पर बने सरकारी भवन को पत्रकारो के लिए आवंटन किया था, लेकिन अचानक से तत्कालीन उपजिलाधिकारी मड़ावरा का स्थांतरण हो जाने के कारण कार्यवाही पूर्ण नहीं हो सकी थी।

## अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत के हर बच्चे को कृमि मुक्त बनाना है : सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

सीएमओ ने बताया कि आगामी 10 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के पहले चरण का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत के प्रत्येक बच्चे को कृमि मुक्त बनाना है, ताकि उनके शारीरिक और मानसिक विकास में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सके। इस अभियान के तहत 1 से 19 वर्ष की आयु के बच्चों और किशोरों को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। जो बच्चे किसी कारणवश 10 फरवरी को दवा लेने से वंचित रह जाएंगे, उन्हें 13 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले मॉप-अप डे के दौरान कवर किया जाएगा। बच्चों को स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से यह सुरक्षा कवच प्रदान किया जाएगा।

### कृमि बच्चों के शरीर में पैदा करते हैं बाधा

उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मिट्टी से फैलने वाले कृमि भारत में एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती हैं। कृमि बच्चों के शरीर में पोषक तत्वों के अवशोषण में बाधा डालते हैं, जिससे एनीमिया), कुपोषण और संज्ञानात्मक विकास में गिरावट जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस इन समस्याओं के समाधान के लिए एक प्रभावी उपाय है।

अभियान के तहत 1-2 वर्ष के बच्चों के लिए आधी गोली (200 मिलीग्राम) पीसकर साफ पानी के साथ दी जाएगी 2-19 वर्ष के बच्चों के लिए एक पूरी गोली (400 मिलीग्राम) चबाकर खानी होगी। यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है।

### संक्रमण के चक्र को तोड़ने की अपील

हालांकि, जिन बच्चों के पेट में कृमि का भार अधिक होता है, उनमें हल्केजी मिचलाने या पेट दर्द जैसे लक्षण दिख सकते हैं, जो अस्थायी होते हैं। सभी केंद्रों पर आपातकालीन प्रोटोकॉल और निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की है। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट ने बताया कि संक्रमण के चक्र को तोडने के लिए स्वच्छता अनिवार्य है। जनमानस से आग्रह है कि वे स्वच्छ आदतों को अपनाएं, जैसे शौचालय का प्रयोग करना, खाने से पहले और शौचालय के बाद साबुन से हाथ धोना, नाखून छोटे और साफ रखना, साफ पानी पीना और सब्जियों/फलों को धोकर उपयोग करना, जूते या चप्पल पहनना आदि आदत में लाएं।

सीएमओ ने अपने संदेश में जनमानस से इस अभियान को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ बचपन ही विकसित भारत की नींव है। आइए, सुनिश्चित करें कि 10 फरवरी को कोई भी पात्र बच्चा एलबेंडाजोल खुराक से न छूटे।

---

## स्कूली बसों के खिलाफ की गई कार्रवाई फिटनेस की हुई चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर



कार्यवाही के दौरान पकड़े गये वाहन

मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में एवं मुख्य सचिव शासन के पत्र द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 01 से 31 जनवरी तक कियान्वित किये जाने के निर्देश दिये गये है। निर्देशों के क्रम में परिवहन विभाग द्वारा पन्द्रहवे दिन 18 स्कूली वाहनों के फिटनेस की जॉच एवं मोटर वाहन नियमावली में स्कूली वाहनों के दिये गये मानको के अनुसार वाहनों की जांच की गयी जिसमें सभी स्कूली वाहनें नियमानुसार सही पायी।

सोलहवे दिन जनपद में अनाधिकृत रूप से संचालित बसों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही में बसों की जाँच की गयी। जिसमें 01 बस के विरूद्ध चालान, निरूद्ध की कार्यवाही अमल में लायी गयी। प्रवर्तन कार्य के दौरान कोई भी बस ओवरलोड सवारी ढोते नही पायी गयी। आज सत्रहवें दिन माल वाहनों में ओवरलोडिंग तथा सवारी ढोने के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की गयी जिसमें कोई भी माल वाहन सवारी ढोते नही पाया गया। तथा 04 माल वाहने ओवरलोड पायी गयी जिनके विरूद्ध चालान, निरूद्ध की कार्यवाही की गयी। प्रवर्तन कार्य के दौरान समस्त चालको को यातायात नियमों का पालन किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। तथा वर्तमान में कोहरे के दृष्टिगत कोहरे में वाहनों के संचालन के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी दी गयी।

---

#### आर्मी में रॉ एजेंट बताकर एएनएम से फेसबुक पर की दोस्ती, फिर की ठगी

## छह लाख लेकर फोन उठाना कर दिया बंद अब एएनएम ने दर्ज करवाई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

सोशल मीडिया के फेसबुक एकाउण्ट पर हुयी दोस्ती ने महिला को बड़ी मुश्किल में डाल दिया। दरअसल, खुद को आर्मी में रॉ का एजेण्ट बताने वाले युवक ने ए.एन.एम. पद पर तैनात महिला से दोस्ती कर छह लाख रुपये ऑनलाइन लेकर धोखाधड़ी कर दी। अब ए.एन.एम. ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ साइबर क्राइम थाना में लिखित शिकायती पत्र देकर एफआईआर दर्ज करायी है।

मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जिला जालौन अंतर्गत ग्राम पिरौना में रहने वाली ममता वर्मा पत्नी अरविन्द वर्मा ने बताया कि वह स्वास्थ्य विभाग के सी.एस.सी. बिरधा के उपरिया उपकेन्द्र में ए.एन.एम. पद पर कार्यरत है। बताया कि करीब 3-4 माह पहले फेसबुक के माध्यम से उसकी दोस्ती एक व्यक्ति से हुयी, जिसने अपना नाम कैलाश चौधरी बताया।

उक्त व्यक्ति जिसने अपना नाम कैलाश चौधरी बताया था ने खुद को आर्मी में रॉ एजेण्ट अधिकारी बताया। इसके बाद दोनों में वार्ता होने लगी और कुछ दिनों बाद अचानक से कैलाश चौधरी ने उससे कहा कि उसका बैंक खाता किसी कारण से ब्लॉक हो गया है। उसे अर्जेन्ट रुपयों की आवश्यकता है। उसकी बातों में आकर ए.एन.एम. ने हां कर दी और उसकी बातों के झांसे में आकर धोखाधड़ी कर कैलाश चौधरी नाम के युवक ने उससे 6 लाख रुपये ऑनलाइन डलवा लिये। जब उसने कुछ समय बाद अपने रुपये वापस मांगे तो उक्त व्यक्ति ने उसकी ड्यूटी जम्मू में होने की बात कहते हुये टाल दिया और अभी रुपये नहीं दे पाने की बात कही। थोड़े समय पश्चात कैलाश चौधरी नाम के युवक ने उसका फोन भी उठाना बंद कर दिया।

इसके बाद ए.एन.एम. को उसके साथ हुये धोखाधड़ी की जानकारी हुयी। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने ए.एन.एम. की तहरीर पर उक्त व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### नगर में निकली भगवान श्रीकृष्ण बारात

**गंजबासौदा।** भगवान कृष्ण और रुकमणी के विवाह के उपलक्ष्य में रविवार दोपहर को बारात निकाली गई। सदर बाजार स्थित मुरली मनोहर मंदिर में एक माह से चल रहे खिचड़ी उत्सव के दौरान मौनी अमावस्या पर यह आयोजन हुआ। मुरली मनोहर मंदिर से जुड़े पुजारी वल्लभ भार्गव ने बताया कि बारात चाचा वाली गली स्थित राम मंदिर के पास से शुरू हुई। यह मुख्य मार्ग गांधी चौक और सदर बाजार होते हुए मुरली मनोहर मंदिर पहुंची। बारात में ढोल-बाजे बजाए गए और गोपिकाएं बनी महिलाएं नृत्य करती हुई चल रही थीं। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया गया। मुरली मनोहर मंदिर पहुंचने पर बारात का भव्य स्वागत हुआ, जिसके बाद भगवान कृष्ण और रुकमणी का विवाह संस्कार संपन्न हुआ।

---

#### दहेज में कार न मिलने पर लड़के ने किया शादी करने से इंकार

## इंदौर में खुद को न्यूज चैनल का पत्रकार बताकर दहेज में महंगी कार की डिमांड

पिता ने दर्ज कराई एफआईआर, कहा- पुत्री का भविष्य हो रहा खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

मध्य प्रदेश के जिला इंदौर में स्वयं को बड़ा पत्रकार बताते हुये पुत्री से शादी करने के एवज में कार की मांग करने और कार्ड वितरण होने के बाद शादी से इंकार कर देने का मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुये कोतवाली पुलिस ने दो महिलाओं समेत पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला आजादपुरा तृतीय में रहने वाले हल्के पाल पुत्र स्व.धनसिंह पाल ने कोतवाली पुलिस को दिये शिकायती पत्र में बताया कि उसकी पुत्री का विवाह मध्य प्रदेश के जिला इंदौर में विजयनगर निवासी सुमित सिंह पुत्र कमल सिंह के साथ 20 नवम्बर 2025 को होना तय हुआ था। उसने एक सोने की अंगूठी, सोने की चैन, कपड़े व सामान, फलफ्रूट करीब 60 हजार रुपये के और 5 लाख रुपये के साथ आगामी 26 फरवरी 2026 को ललितपुर में ही सुमित सिंह, कमल सिंह, शान्ति पत्नी कमल, कृष्णा पुत्र कमल सिंह, प्रगति पत्नी कृष्णा को सचिन, बब्लू, अंकित पुत्रगण हल्के व अपनी पत्नी कमलेश, मोहल्लेवासियों व रिश्तेदारों के सामने दिये और उसने विवाह के कार्ड छपवाकर वितरण कर दिये। बारात घर भी बुक कर लिया, भोजन बनाने के लिए मिठया भी कर लिया और विवाह की सम्पूर्ण तैयारी कर ली। इतना सब होने के बाद सुमित ने कहा कि वह न्यूज चैनल का पत्रकार है, उसे दहेज में कार चाहिए, इससे उनका रूतवा बना रहेगा। पीड़ित व उसकी पुत्री के मोबाइल फोन पर होने वाले समधी कमल ने 15 नवम्बर को फोन करके भुगतान करने की बात कही, जिस पर उन्होंने कहा कि शादी के दौरान ही दहेज में कार देनी पड़ेगी।

---

## विश्व शांति के अग्रदूत प्रजापिता ब्रह्मा बाबा : ब्रह्माकुमारीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर



कार्यक्रम के दौरान मौजूद बहने

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय वरदानी भवन के लिए एक स्मरणीय दिन रहा। जिसमें बाबा के चारों धाम की रूहानी यात्रा (शांति स्तंभ, बाबा का कमरा, हिस्ट्री हॉल, बाबा की कुटिया) का उद्घाटन समारोह एवं ब्रह्माकुमारीज के आदि प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 57वां पुण्य स्मृति दिवस विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दैवीय भ्राता राजेश श्रीवास्तव उनकी धर्मपत्नी अनुराधा श्रीवास्तव ने रिविन काटकर कार्यक्रम को गति प्रदान की। जिसमें राजयोगिनी चित्ररेखा दीदी ने ब्रह्मा बाबा के जीवन, उनकी शिक्षाओं और विश्व शांति के संदेश दिए। उन्होंने बताया कि बाबा ने अपना तन-मन-धन सब ईश्वरीय यज्ञ में स्वाहा कर दिया। सदैव ट्रस्टी बनकर रहे और संपूर्णता को प्राप्त किया। उनकी ही स्मृति में यह रूहानी यात्रा के लिए स्थान बनाए गए। जहां बैठकर बच्चे बाबा के साथ रूह-रिहान करके बाबा से शक्ति एवं वरदान प्राप्त कर सके। बीके मायारानी दीदी जी ने बताया कि शांति स्तम्भ बापदादा सतगुरु रूप में शांति का वरदान देते है। हिस्ट्री हाल में परम शिक्षक बाबा ज्ञान से बुद्धि की झोली भरते है। कमरे में परमपिता की पालना सर्व शक्तियों का वरदान देते है। कुटिया में परम सखा स्वरूप से सुख-शांति की वर्षा करते हैं।

तत्पश्चात सभी ने रूहानी यात्रा की एवं ब्रह्माभोजन स्वीकार किया। इस दौरान बीके गीता दीदी, बीके प्रीती दीदी, बीके रुबी दीदी, बीके प्रियंका बहन, बीके निशा बहन, बीके पूजा बहन, बीके शिवानी बहन, बीके विद्यासागर भाई, डा.श्रीराम साहू, एड रामस्वरूप साहू, केशव प्रसाद पांडे, राधेश्याम ताम्रकार, अशोक राठौर, महेश कंचन, गणेश साहू, मनीष दुबे, रोहित श्रीवास्तव, हरिशंकर साहू, कृपाल सिंह बुंदेला, कैलाश नारायण, खुशीलाल साहू, भगवानदास शर्मा, पंचम निरंजन, मनीष तिवारी, रानू तिवारी, नीलिमा चौबे, किरण साहू, मंजू साहू, लक्ष्मी साहू, सीमा नरवरिया, रेखा सिंधी, मुन्नीराजा बुंदेला, नम्रता श्रीवास्तव, हर्षिता बहन, स्वर्णा कंचन, कमला साहू एवं शहर के अनेक वरिष्ठ भाई-बहन उपस्थित रहे।

## विशेष बूथ अभियान के अंतर्गत मतदेय स्थलों का भ्रमण कर देखी व्यवस्थाएं

एएसडी मतदाताओं की मैपिंग कर फार्म 6 भरवाने के आरओ को दिए निर्देश, मतदाताओं से अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने मतदेय स्थलों पर आयोजित विशेष बूथ अभियान का जायजा लेने के उद्देश्य से नगर व ग्रामीण क्षेत्र के पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान वे अपनी प्रशासनिक टीम के साथ पोलिंग बूथों पर पहुंचे और यहां उपस्थित बीएलओ व सुपरवाइजरो के द्वारा मतदाताओं के फार्म संख्या 6, 7 व 8 के संबंध में की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत आज 18 जनवरी को मतदेय स्थलों पर विशेष बूथ अभियान आयोजित किया गया है, जिसमें बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं के फार्म संख्या 6, 7 व 8 भरवाए का रहे हैं। साथ ही मतदाता सूची भी दिखाई जा रही है। जिलाधिकारी ने समस्त रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए कि एएसडी मतदाताओं में छूटे हुए मतदाताओं की मैपिंग कर उनके फार्म 6 फरवाए जाएं। इसके लिए निरंतर बूथों का निरीक्षण करते रहें और मतदाताओं को जागरूक करते रहें।

### एसआईआर का दूसरा चरण, अनमैप्ड मतदाताओं की 14 फरवरी तक चलेगी सुनवाई

# 6329 अनमैप्ड वोटर्स को नोटिस जारी अभी तक 1444 की हो पाई सुनवाई पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे चरण के तहत नो मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, लेकिन सूची में नाम जुड़वाने को लेकर मतदाताओं में उत्साह नजर नहीं आ रहा है। क्योंक जिले में नो-मैपिंग श्रेणी में दर्ज बने 6329 मतदाताओं को सुनवाई के लिए नोटिस जारी कर दिए गए है, इनमें से अभी तक सिर्फ 1444 मतदाताओं की ही सुनवाई पूरी हो सकी है। जिनके द्वारा सुनवाई के दौरान अपनी पहचान संबंधी जरूरी दस्तावेज भी उपलब्ध करा दिए गए है; हालांकि कुछ मतदाताओं के पास अभी नोटिस नहीं पहुंचे, लेकिन जिनके पास नोटिस पहुंच गए है,उनकी सुनवाई की प्रक्रिया भी धीमी चल रही है।

निर्वाचन कार्यालय के अनुसार जिले के सभी नो मैपिंग वाले मतदाताओं को सुनवाई के लिए नोटिस जारी कर दिए गए है। उन्हें सुनवाई के लिए अलग-अलग दिन का समय दिया गया है। सुनवाई की प्रक्रिया 14 फरवरी तक चलेगी। यदि कोई मतदाता पहली सुनवाई में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाता है, तो उसे जबाव प्रस्तुत करने के लिए कुल 3 अवसर दिए जाएंगे। इसके बाद भी संतोषजनक दस्तावेज जमा नहीं किए जाते हैं तो नियमानुसार संबंधित मतदाता के नाम मतदाता सूची से काटने की कार्रवाई की जाएगी।



## पहले चरण में 33154 मतदाताओं के नाम कटे

एसआईआर के पहले चरण के तहत जिले के 33 हजार 154 मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं। इनमें श्योपुर विधानसभा क्षेत्र के 16311 मतदाता तथा विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के 16843 मतदाता शामिल है। बताया गया है कि यह मतदाता ऐसे है,जिनकी या तो मृत्यु हो गई है या फिर दूसरी जगह शिफ्ट हो गए है। या फिर इनके मतदाता सूची में दो जगह नाम थे।

## सुनवाई में ये दस्तावेज लाना अनिवार्य

निर्वाचन कार्यालय के अनुसार सुनवाई में आने वाले मतदाताओं को जन्म तिथि औरपहचान से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। यदि मतदाता का जन्म एक जलाई 1987 में पहले हुआ है, तो उसे स्वयं का जन्म प्रमाण पत्र, अंकसूची या जन्म स्थान से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। यदि जन्म दिसंबर 2004 से पहले हुआ है तो स्वयं के दस्तावेजों के साथ माता या पिता में से किसी एक का प्रमाण देना अनिवार्य होगा। आवश्यकता पड़ने पर दादा दादी का प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किया जा सकता है।

## सुनवाई की गति धीमी

निर्वाचन से जुडे अधिकारियों की माने तो सुनवाई की प्रक्रिया एक माह तक चलनी है कार्यालयो में भीड न हो,इसके लिए मतदाताओ को अलग अलग तिथियों में सुनवाई के लिए बुलाया जा रहा है। अभी तक जितने मतदाताओं की सुनवाई पूरी हुई है,उसे देखकर सुनवाई किए जाने की प्रक्रिया धीमी चल रही है। हालांकि अधिकारी कह रहे है कि जनवरी के अंत तक सभी मतदाताओं की सुनवाई पूरी कर लिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### इनका कहना..

एसआईआर प्रक्रिया के तहत सभी दावे आपत्तियों का निराकरण करने के बाद 21 फरवरी को जिले की अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

**संजय जैन**
**उप जिला निर्वाचन अधिकारी, श्योपुर**

### 10 दिन में समस्याओं का समाधान न होने पर उग्र आंदोलन करने का अल्टीमेटम

# वार्ड 15 की समस्याओं को लेकर वार्डवासियों ने घेरी परिषद, नारेबाजी कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बडौदा कस्बे के वार्ड क्रमांक 15 में नाला निर्माण किए जाने, नहर किनारे डाले जा रहे कचरे के टचिंग ग्राउंड में डलवाए जाने तथा साफ सफाई व स्ट्रीट लाइट लगाने जैसी विभिन्न समस्याओं को लेकर इसी वार्ड के लोगों ने सोमवार को नगर परिषद बडौदा के कार्यालय का घेराव किया। जहां उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और फिर नपा सीएमओ के नाम एक ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का जल्द निदान किए जाने की मांग की। हालांकि ज्ञापन लेने के लिए पहुंचे नगर परिषद के अधिकारियों ने समस्याओं का समाधान जल्द कराए जाने का भरोसा दिया और इस भरोसे पर ज्ञापन सौपने वाले लोग वापस अपने घरों के लिए लौट गए,लेकिन घर जाते जाते वे यह अल्टीमेटम भी नगर परिषद के अधिकारियों को दे गए कि 10 दिन में हमारी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो फिर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

नगर परिषद बडौदा के वार्ड क्रमांक 15 के दर्जनभर से अधिक लोगों ने नारेबाजी करने के बाद सौपे सात सूत्रीय ज्ञापन में जिन समस्याओं का समाधान कराए जाने की मांग की है,उनमें बागर तिराहे से रतोदन रोड तक राधेश्याम सुमन तक नाला निर्माण किए जाने, वार्ड 15 के सभी गली मोहल्लो में कचरा गाडी का संचालन शुरू किए जाने, चंबल नहर के पास जो कचरा डाला जा रहा है,उसे टचिंग ग्राउंड में डलवाए जाने, बागर पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने, बागर तिराहे से सलमानिया रोड तिराहे तक स्पीड ब्रेकर बनाए जाले, मॉडल रोड जैसी स्ट्रीट लाइट वार्ड 15 में रामद्वारा तिराहे से सलमानिया रोड तक लगाई जाने, सभी गली मोहल्लों में पानी निकासी के लिए बनी नालियों की नियमित रूप से सफाई कराए जाने आदि मांगे शामिल है।



### समाधान कराएंगे

परिषद की बैठक में सर्व सम्मति से नाला निर्माण कराने का प्रस्ताव पारित कर उसे मंजूरी के लिए शासन की ओर भेज दिया है। जैसे ही शासन से बजट प्राप्त होगा,वैसे ही नाला निर्माण का काम शुरू करवा दिया जाएगा। साफ सफाई सहित अन्य समस्याओं का समाधान जल्द ही करा दिया जाएगा।

**भरोसी बाई सुमन**
**अध्यक्ष नगर परिषद, बडौदा**

वार्ड 15 की समस्याओं को जो ज्ञापन सौंपा है, उन समस्याओं का समाधान जल्द कराए जाने का आश्वासन परिषद के अधिकारियों ने दिया है। इस आश्वासन पर हम लोग 10 दिन का अल्टीमेटम देकर वापस आ गए है, 10 दिन में समस्याए न सुधरी तो उग्र आंदोलन करेंगे।

**महावीर धाकड़**
**स्थानीय निवासी वार्ड 15**

### जागरुकता रैली में शामिल हुए एनसीसी कैडेट और स्कूली बच्चे

# यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अभियान के अंतर्गत सोमवार को यातायात थाना पुलिस ने यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर एक जागरूकता रैली निकाली। इस जागरूकता रैली में 200 के करीब एनसीसी कैडेट और जवाहर नवोदय स्कूल सहित अन्य स्कूलों के बच्चे शामिल हुए।

पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में सोमवार की सुबह यह जागरूकता रैली स्टेडियम से शुरू हुई, जो यातायात थाने पर जाकर सम्पन्न हुई। जागरूकता रैली में स्कूली बच्चे अपने हाथो में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने संबंधी स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। यातायात थाने पर इस जागरूकता रैली का समापन किया गया,जहां स्कूली बच्चों को यातायात थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत सहित अन्य यातायात थाने के अधिकारियों ने यातायात नियम तथा रोड सेफ्टी के संबंध में उपयोगी जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें जागरूक किया। इस मौके पर सूबेदार मधुरिमा नरवरिया, सूबेदार भागवत पांडे, सूबेदार अनिल बाथम एवं यातायात थाने के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




### अभाविप ने कराहल में निकाली शोभायात्रा

# महापुरुष के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें विद्यार्थी:बिधौलिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कराहल इकाई के तत्वावधान में सोमवार को कराहल में छात्र छात्राओं के साथ शोभायात्रा निकाली और उत्कृष्ट स्कूल कराहल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमो की रोचक प्रस्तुतियां दी गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अभाविप के जिला संगठन मंत्री अतुल बिधौलिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यों से परिचित कराते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यो पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छात्रों में राष्ट्रवाद की भावना को बढ़ावा देना और उन्हें समाज के लिए काम करने के लिए प्रेरित करना है । इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्रों को अपने कौशल और प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। सभी विद्यार्थी अखिल भारतीय बिधार्थी परिषद से जुड कर अपने जीवन में सीख लेकर समाज और देश के लिए कार्य करने के आगे आना चाहिए। उन्होने उपस्थित विद्यार्थियों से महापुरूषों के जीवन से सीख लेकर आगे बढ़ने के लिए भी जागरूक किया। इस कार्यक्रम में जिला संयोजक गणेश शर्मा, नगर मंत्री चेतन भारद्धाज, कराहल नगर अध्यक्ष लोकेश बैरागी उपस्थित रहे।

### पति, सास, जेठ और जेठानी समेत चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

# दहेज में कार न लाने पर विवाहिता को प्रताड़ित कर दिया तीन तलाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर श्योपुर के वार्ड 01 किला निवासी एक विवाहिता को उसके राजस्थान के बारां निवासी ससुरालीजनों ने दहेज में कार न लाने पर न केवल कई तरह की यातनाएं देकर प्रताड़ित किया, बल्कि उसे तीन बार तलाक बोलकर तलाक भी दे दिया। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने पीड़ित विवाहिता की शिकायत पर उसके पति, सास, जेठ और जेठानी समेत चार ससुरालीजनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।




कोतवाली थाना प्रभारी सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि श्योपुर के वार्ड क्रमांक 01 किला फदनपुरा निवासी अब्दुल समद की बेटी नीलोफर अंसारी की शादी 29 दिसंबर 2024 को मुस्लिम रीति रिवाज से राजस्थान के बारां निवासी बसीम हुसैन अंसारी पुत्र युसूफ मोहम्मद अंसारी के साथ हुई थी। पीडित विवाहिता नीलोफर अंसारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शादी के कुछ समय बाद से ही ससुरालीजनों ने दहेज में कार लाने की मांग करते हुए कई तरह के ताने मारना शुरू कर दिया और फिर दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारने पीटने जैसी कई तरह प्रताडना दी गई और फिर तीन तलाक भी दे दिया। इस मामले में पीडित विवाहिता की रिपोर्ट पर पति बसीम हुसैन अंसारी, सास हसीना, जेठ इफ्तिखार हुसैन अंसारी तथा जेठानी हजरा बैगम निवासी बारां राजस्थान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

# जिला जेल में आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित




**श्योपुर।** जिला जेल श्योपुर में बंदियों के आध्यात्मिक उत्थान के लिए सोमवार को प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जैन साध्वियों श्रमण संघीय जैन सिद्धांताचार्य, मधुर गायिका तपस्वीरवा श्री प्रतिभा श्रीजी म.सा., श्री दीक्षिता श्रीजी म.सा., श्री प्रेरणा श्रीजी म.सा. एवं श्री प्रेक्षा श्रीजी म.सा. के द्वारा जेल में निरुद्ध बंदियों को आध्यात्मिक उत्थान के लिए प्रवचन दिए गए। ज्ञातव्य हैं कि श्री प्रेक्षा श्रीजी म.सा. की जन्मभूमि श्योपुर है जिन्होंने 18 वर्ष पूर्व 16 वर्ष की आयु में सन्यस्त जीवन प्रारंभ किया था और दीक्षा के बाद प्रथम बार अपनी जन्मभूमि श्योपुर आगमन हुआ है। जैन साध्वियों ने बंदियों को जैन धर्म के सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह एवं ब्रह्मचर्य के सिद्धांत पर प्रवचन दिये। कार्यक्रम में जेलर प्रभात कुमार सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## आरोपी पर 2 हजार का इनाम घोषित


**श्योपुर।** पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल द्वारा मप्र पुलिस रेगुलेशन के पैरा क्रमांक 80-बी(1) में प्रदत्त शक्तियो का उपयोग करते हुए एक फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर 2 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार फरार आरोपी विजय उर्फ मिच्चू पुत्र सुरेश राव निवासी वार्ड क्रमांक 8 कच्ची बस्ती कल्याणपुरम/ ब्लॉक कॉलोनी श्योपुर पर 2 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया है। उक्त आरोपी पर थाना बडौदा में धारा 379 धारा इजाफा 457, 380 भादवि के तहत अपराध क्रमांक 21/23 पंजीबद्ध है।

# पांडोला में विवाद, एक राय होकर घर पर बोला हमला, जनपद सदस्य समेत 6 पर मामला दर्ज

**खेत में पानी चले जाने की बात पर हुआ विवाद, घर पर आकर हमला करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बडौदा थाना क्षेत्र के गांव पांडोला में खेत में पानी चले जाने की बात को लेकर विवाद हो गया। इसी विवाद को लेकर सोमवार को एक पक्ष के लोगों ने लाठी डंडे लेकर दूसरे पक्ष के घर पर हमला बोल दिया। घर पर पर एक राय होकर हमला करने आए लोगों का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इसके बाद पुलिस ने इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए हमला करने आए जनपद सदस्य रामलखन सुमन समेत छह नामजद लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।



पुलिस के मुताबिक ग्राम पांडोला निवासी जगदीश पुत्र गंगाधर सुमन के भाई के खेत में आरोपी पक्ष के लोगों के खेत का पानी चला गया था। जिसका उलाहना जगदीश के भाई ने आरोपी पक्ष के लोगों के घर जाकर दिया कि इस तरह तुम्हारा खेत का पानी रोज रोज मेरे खेत में आएगा तो फिर मेरे खेत में फसल कैसे हो पाएगी। एक दिन पहले दिए गए इस उलाहना से आक्रोशित हुए दूसरे पक्ष के लोग सोमवार की सुबह एक जुट होकर हाथो में लाठी-डंडे लेकर जगदीश के भाई के घर पर चले गए,मगर वह घर पर नहीं मिला। इसके बाद वे जगदीश पर हमला करने के लिए उसके घर पर पहुंच गया,जहां जगदीश हमले के डर से अपने घर के दरबाजे अंदर से बंद करके अपने घर की छत पर चढा गया,जहां घर के नीचे खडे आरोपियों ने गाली गलौच करते हुए न सिर्फ तोडफोड की,बल्कि जगदीश के भतीजे गौरव सुमन के साथ भी मारपीट कर दी। इस मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी पक्ष के लोग वहां से भाग खडे हुए। बडौदा थाना प्रभारी सतीश सिंह चौहान ने बताया कि इस मामले में जगदीश सुमन पुत्र गंगाधर सुमन की रिपोर्ट पर रामलखन सुमन,रामसिंह, रतन, मल्ला, लक्ष्मीनारायण, लोडिया सुमन निवासी पांडोला के खिलाफ विभिन्न धाराओ में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कलेक्टर ने तीनों एसडीएम को दिए अग्निशमन की व्यवस्थाओं को जांचने के निर्देश

# जिन मैरिज गार्डन और होटलों में नहीं अग्निशमन के समुचित प्रबंध, उन पर गिरेगी कार्रवाई की गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कॉलोनी तथा अतिक्रमण को लेकर कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में जिलेभर में चल रही प्रशासनिक कार्रवाई के दायरे में अब शहर समेत जिलेभर में संचालित मैरिज गार्डन, होटल,शापिंग कॉम्पलैक्स जैसे संस्थान भी आ सकते हैं। इन संस्थानों पर निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार अग्निशमन की समुचित व्यवस्था नहीं मिली तो इन संस्थानों पर भी कार्रवाई की जाएगी। इस तरह के संकेत सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा के द्वारा दिए गए है। टीएल की बैठक के दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जिले के तीनों एसडीएम को साफ शब्दो में निर्देश दिए है कि सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रो में संचालित मैरिज गार्डन, होटल्स, शापिंग कॉम्पलैक्स आदि स्थानों पर अग्निशमन के लिए की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा सुनिश्चित कर लें, जिन संस्थानो में प्रोटोकॉल अनुसार अग्निशमन व्यवस्थाएं नही की गई है, उन पर कार्यवाही की जायें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने टीएल की बैठक के दौरान संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सभी नगरीय निकायों एवं पंचायतों में 16 फरवरी तक डोर टू डोर जाकर पात्रता के आधार पर हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किये जायें। इसके लिए ग्राम स्तर पर मैदानी अमले को शामिल करते हुए यह कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। प्राप्त आवेदनों को पोर्टल पर अपलोड कर संबंधित विभागों को निराकरण के लिए प्रेषित किया जायें। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत अविवादित नामांतरण, बटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जायें, अभियान के तहत कोई भी अविवादित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन के प्रकरण लंबित न रहें। अभियान अंतर्गत खसरा खतौनी की नकल का वितरण भी सुनिश्चित किया जायें। उन्होंने कहा कि प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण में अभियान अंतर्गत आवेदनों का निराकरण सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ गंभीरता से किया जाए।




## 803 हितग्राहियों के बनाए जाने हैं केसीसी कार्ड

बैठक में जानकारी दी गई कि मत्स्य विभाग अंतर्गत मत्स्य पालन से जुडे 803 हितग्राहियों के केसीसी कार्ड बनाये जाने के लक्ष्य के विरूद्ध अभी तक 558 प्रकरण तैयार कर बैंको को प्रेषित किये गये हैं। इसी प्रकार लाडली लक्ष्मी योजना अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य 3 हजार 124 के विरूद्ध 1700 प्रकरण स्वीकृत किये गये है, आहार अनुदान योजना अंतर्गत शेष 1242 हितग्राहियों को योजना में लाभ प्रदान करने के लिए ई-केवायसी, डीबीटी आदि की प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है।

## कॉलेजों में ड्रायविंग लाइसेंस बनाने शिविर लगाने के निर्देश

टीएल की बैठक के दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा ने 18 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के युवाओं के लिए सभी कॉलेजों में ड्रायविंग लाइसेंस बनाये जाने के लिए शिविर आयोजित किए जाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इन शिविरों को आयोजित कराए जाने के लिए परिवहन विभाग, लीड कॉलेज प्राचार्य से समन्वय कर शिविर आयोजन की तिथियां निर्धारित करें। ताकि कॉलेज में पढने वाले सभी विद्यार्थियों के आसानी के साथ ड्राइविंग लाइसेंस बन जाए।

## पिता-पुत्र को उपचार के लिए 20 हजार की आर्थिक सहायता



**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा ग्राम राडेप निवासी गिर्राज शर्मा एवं उनके पुत्र गौरव शर्मा को उपचार के लिए रेडक्रॉस के माध्यम से 20 हजार रूपये की तात्कालीक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया भी मौजूद रहें। कलेक्टर अर्पित वर्मा को गिर्राज शर्मा ने अवगत कराया कि उसका पुत्र कैंसर की बीमारी से पीडित है तथा पिछले 5 वर्षो से उसका उपचार राजस्थान के बीकानेर स्थित कैंसर हॉस्पीटल में चल रहा है। उसके उपचार पर काफी रूपया भी उसके द्वारा व्यय कर दिया है, पिछले तीन महीने से वह स्वयं भी किडनी की बीमारी से पीडित हो गया है और कोटा में उसकी बीमारी का इलाज चल रहा है। ऐसे में परिवार की आर्थिक स्थिति काफी खराब हो गई है, इस पर कलेक्टर द्वारा पिता-पुत्र को 10-10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई, साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए खाद्यान पर्ची जनरेट कराते हुए तत्काल ही ई-केवायसी कराई गई, जिससे पर्ची जनरेट होने के बाद आयुष्मान कार्ड बनाया जा सकें, इसके साथ ही दोनो पिता-पुत्र के नाम मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत जोडने की कार्यवाही भी कराई गई तथा आर्थिक मदद के लिए मुख्यमंत्री स्वैच्छानुदान अंतर्गत प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश भी दिए गए।

## अब किया जा रहा लोकार्पण का इंतजार, 1903 में प्रांरभ हुआ था डाकघर

# शहर के लिए डाकघर विभाग की नई इमारत बनकर हो गई तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिला मुख्यालय पर भारतीय डाक विभाग की नई इमारत बनकर तैयार हो गई है। इस नए भवन को लोकार्पण का इंतजार है ताकि शहर के लोगों को डाक संबंधी सुविधाओं के लिए शहर से बाहर चल रहे निजी भवन के कार्यालय में जाने से मुक्ति मिल सके। इस नए भवन के लोकार्पण का इंतजार है स्थानीय सांसद और संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा इसका लोकार्पण होना है।

जिला मुख्यालय पर डाकघर विभाग का भवन पुराने समय से चला आ रहा था यह भवन जब से यह शहर बसा है तब से इसी स्थान पर चला आ रहा था। पोस्ट निरीक्षक के पद पर रहे सेवा निवृत कमल बड़कुल का कहना है कि यह डाकघर भवन की शुरुआत 1903 में हुई थी यह सब अंग्रेजी हुकूमत के दौरान प्रारंभ हुआ था और तब से यह भवन चला आ रहा था। पूर्व में ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस की सरकार में संचार मंत्री बने थे तब उनके द्वारा इस पुराने भवन को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया था लेकिन भवन में जगह नहीं होने के कारण यहां प्रत्येक शाखा ठीक से काम नहीं कर पा रही थी। जिसके कारण कर्मचारियों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ा रहा था और उपभोक्ताओं को भी परेशानियों से जूझना पड़ रहा था। यह भवन पुराने भवन के स्थान पर तोड़कर नया बनाया गया है जो मुख्य रेलवे स्टेशन मार्ग पर है जो शहर के बिल्कुल बीचो-बीच है जिससे आम नागरिकों को सुविधा सहज रूप से उपलब्ध हो जाती हैं। इस भवन का निर्माण नए सिरे से किया गया है यह भवन अंग्रेजी हुकूमत के दौरान बना आजाद भारत का गवाह भी था और वर्तमान समय में भी भवन यहां देखा जा सकता था इस भवन के समय की कई यादें भी जुड़ी है। स्वर्गीय मंगल चंद्र गुप्ता जब थे तब उनका कहना था उन्होंने अपने 90 साल की उम्र में इसी स्थान पर डाकघर देखा है उस समय के लोग अनेक है जिनका डाकघर से नजदीक का नाता रहा है। उस समय डाकघर संचार के साधनों में सबसे महत्वपूर्ण महकमा होता था आज महकमा सुविधाओं के साथ आधुनिक दिशा में बढ़ गया है। ऐसी स्थिति में वर्तमान भवन के स्थान पर यहां नया भवन बनाया गया है। पहले यहां आवास के क्वार्टर भी हुआ करते थे भवन का निर्माण आधुनिक तरीके से किया गया है, इस भवन के निर्माण को लेकर काम लगातार जारी है और कभी भी इसका लोकार्पण हो सकता है पहले कभी एक जमाने में डाकघर संचार साधन के सबसे बड़े विभाग थे। लेकिन जैसे जैसे समय बदलता गया वैसे वैसे उपयोगिता कम होती गई। अब पोस्ट कार्ड, अंतरदेशी और लिफाफे नजर नहीं आते, चिठिठीयों का स्थान व्हाटस्एप और फेसबुक ने ले लिया है। कोरियर सेवाएं भी चल रहीं है और इंटरनेट का युग है। ऐसे में डांक विभाग अब पुराने तर्ज के स्थान पर नए आधुनिक सुविधाओं के साथ बैंकिंग सुविधाओं के साथ चल रहे हैं।

# वन परिक्षेत्र करैरा के अंतर्गत किया गया अनुभूति कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा







करैरा वन परिक्षेत्र करेगा कि सब रेंज खोड़ अ अंतर्गत ग्राम वीर के नजदीक बीट क्षेत्र वीरा मे धार्मिक एवं प्राकृतिक स्थल कुंडलपुर पर स्कूली विद्यार्थियों के लिए अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया,ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड एवं वन विभाग के द्वारा अनुभूति कार्यक्रम बच्चों को पर्यावरण एवं प्रकृति के प्रति सह शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम है

जिसमें बच्चों को भविष्य के नागरिक के तौर पर पर्यावरण एवं प्रकृति के संरक्षण के लिए एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है इस बार अनुभूति कार्यक्रम की थीम ₹हम हैं धरती के दूत ₹ रखी गई जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को प्रो प्लेनेट पीपल के तौर पर तैयार करना है ताकि लोग पर्यावरण और प्रकृति के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारी को समझते हुए जिम्मेदारी का निर्वहन करें, आज के कार्यक्रम में मॉडल हाई स्कूल करेरा एवं शासकीय हाई स्कूल मुंगावली करेरा के लगभग 120 विद्यार्थी उपस्थित रहे वन परिक्षेत्र अधिकारी लक्ष्मण सिंह मीणा के द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन में केनवाह - वीरा के स्थानीय नागरिकों का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। सब रेंज प्रभारी कुलदीप गौर, बलिराम अहिरवार, राजाराम करेठिया एवं कार्यालय लिपिक बलकाराम परिहार, वनरक्षक आदित्य भार्गव, बाबू बृजेश दुबे आदि कर्मचारी उपस्थित रहे, कार्यक्रम के दौरान स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा अपनी-अपनी अनुभूति अभिव्यक्त की गई एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें स्कूली विद्यार्थियों को प्रथम द्वितीय तृतीय के तौर पर पुरस्कार वितरण किए गए।

## खबर संक्षेप

### दो बाईक आपस में टकराई

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत सिंहपुर घाटी चंदेरी पिछोर रोड पर दो बाईक आपस में टकरा गईं। एक बाईक चालक शाकूलाल यादव निवासी ग्राम पांडरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी67 एमजे 8320 के चालक ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

### दिगम्बर जैन महासमिति का नेत्र शिविर आयोजित

**अशोकनगर।** रविवार को दिगम्बर जैन महासमिति संभाग शाखा अशोकनगर के तत्वावधान में तृतीय नेत्र शिविर का आयोजन ओसवाल भवन अशोकनगर में रखा गया। जिसमें श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट आनन्दपुर के डाक्टरों ने मरीजों की जांच की जिसमें 160 में से 65 मरीज आपरेशन के लिए चयनित कर बस द्वारा आनन्द पुर भेजे गए। इस नेत्र शिविर के पुण्यार्जक पवन जैन थे। कार्यक्रम की शुरुआत में ईश वंदना की गई। दीप प्रज्वलन जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कासल, श्वेताम्बर समाज के अध्यक्ष राजेन्द्र कोचर, गांव जैन मन्दिर के संयोजक मनीष सिंघई ने किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया।

## मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज, पुलिस टीम बनाकर पड़ताल करने में जुटी

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जलालपुर निवासी अजय साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरेन्द्र रघुवंशी ने फरियादी व उसके भाई से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुढैरी निवासी हरपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पवन, जगतपाल, रामपाल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रेहटवास निवासी अनिल चंदेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी केदार राजपूत ने फरियादी के पिता के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अथाईखेड़ा निवासी चैन सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पप्पू अहिरवार और राजकुमार अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम किरौला निवासी आशा बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामराजा यादव, मिथलेश बाई, महेन्द्र यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

# डीआरएम ने ट्रैक मेंटेनर प्रकाश को संरक्षा पुरस्कार से किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मंडल में ड्यूटी के दौरान सजगता, कर्तव्यनिष्ठा एवं त्वरित निर्णय क्षमता का परिचय देते हुए संभावित रेल दुर्घटनाओं को टालने वाले बीना के रेल कर्मचारी के कार्यों की सराहना करते हुए मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने प्रशस्ति पत्र एवं संरक्षा पुरूस्कार प्रदान करते हुए सम्मानित किया है। जन सम्पर्क अधिकारी अनुसार पिछले वर्ष 28 दिसंबर को ट्रैक मेंटेनर प्रकाश ट्रैक मेंटेनर थर्ड किलोमीटर 970/15ए - 13ए अप लाइन पर पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान बीनाझ्रकुरवाई कैथोरा सेक्शन में रेल की वेल्ड में क्रैक पाया। उन्होंने तत्काल सतर्कता बरतते हुए ट्रैक को सुरक्षित किया तथा संबंधित अधिकारियों को सूचित कर समय रहते आवश्यक कार्रवाई कराई, जिससे एक संभावित गंभीर दुर्घटना को टाल दिया गया और रेल संरक्षा सुनिश्चित हुई। डीआरएम ने प्रकाश की कर्तव्यपरायणता, सतर्कता एवं रेल संरक्षा के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें संरक्षा पुरस्कार एवं प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी विजय शंकर गौतम, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) रामेन्द्र पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जब हमारे ग्राम का उदय होगा तभी प्रदेश और देश का अभ्युदय हो सकेगा संभवः अतुल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

मप्र जन अभियान परिषद द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ गर्ल्स कॉलेज में विधिवत सरस्वती पूजन एवं अतिथि सत्कार कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सोनाली राय ने कहा यह कार्यक्रम सभी स्तरों पर होना है एवं नारीसशक्तिकरण से ही समाज में संतुलन स्थापित होगा। हम सभी को समाज उत्थान में अपनी भूमिका निभाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मप्र जन अभियान परिषद के सांस्कृतिक सलाहकार अतुल जिझावन ने कार्यक्रम के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि जब ग्राम का उदय होगा तभी प्रदेश और देश का अभ्युदय होगा। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य परिषद् की नवांकुन संस्थाओं एवं प्रस्फुटन समितियों सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राओं के माध्यम से सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों तक पहुंचाकर यह सुनिश्चित करना है कि योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ अंतिम पात्र हितग्राही तक पहुंचे।

अभियान में ग्राम स्तर पर उत्सव, चौपाल, रैली, सामूहिक श्रमदान और परिवार सम्पर्क गतिविधियों का आयोजन होगा। वि.ख.समन्वयक ने बताया यह कार्यक्रम 12 जनवरी से 26 जनवरी तक पखवाड़े के रूप में मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय, सेक्टर और ग्राम पंचायत स्तरीय ग्रामौत्सव के आयोजन होंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि केके मिश्रा जिला समन्वयक, कॉलेज प्राचार्य डॉ चंद्रा रत्नाकर उपस्थित हुए। कार्यक्रम में जनपद सदस्य, भरत कुशवाह, नवांकुर संस्थाओं से धर्मेंद्र ठाकुर, देवेंद्र राय, अभिषेक राय ने मंच संचालन किया एवं नंदराम कुशवाहा, जगदीश कुशवाहा परामर्श दाता नरेश, प्रमोद, अभिता, प्रशांत एवं प्रस्फुटन समितियां उपस्थित रहे।

# चंदेरी की कालजयी साड़ियों पर आधारित भव्य फैशन शो का किया गया आयोजन



**अशोकनगर।** शिक्षा, संस्कृति और मानवीय सभ्यता की प्रेरणा श्रोत नारी शक्ति उपासना का पहला सोपान है, किसी भी राष्ट्र, समाज और परिवार की शिक्षा और धर्म संस्कृति का आधार ही हमारी माताएं बहिनें है नारियों के त्याग और समर्पण पर ही देश की प्रगति और निर्माण टिका है। चंदेरी की कालजयी साड़ियों पर आधारित भव्य फैशन शो का आयोजन किया गया।

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर अखिल भारतीय संयोजिका, जन प्रतिनिधि परिवार संपर्क विभाग की डॉ. अनुराधा यादव एवं विश्व मांगल्य सभा के आयोजकत्व में एक गरिमामय एवं सांस्कृतिक चेतना से ओतप्रोत आयोजन सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम डॉ. अनुराधा यादव के निज निवास में आयोजित किया गया, जहाँ भारतीय परंपरा, नारी शक्ति और स्वदेशी संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुभ शुरुआत माँ भारती के सम्मुख धूप-दीप अर्पण एवं आराधना से हुई। इसके पश्चात फैशन शो की शुरुआत से पहले वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सभी प्रतिभागी महिलाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर एक स्वर में भारत माता के गीतों पर जयघोष किया, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो उठा।

इस सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण चंदेरी की कालजयी साड़ियों पर आधारित भव्य फैशन शो रहा। ऑल इंडिया सिक्स याड्र्स की प्रेसिडेंट चेतना मिश्रा के सशक्त मार्गदर्शन में आयोजित इस शो में मध्यभारत के विभिन्न अंचलों से आई 100 से अधिक महिलाओं ने सहभागिता कर भारतीय बुनकर परंपरा और साड़ी संस्कृति को मंच पर जीवंत किया। ऑल इंडिया सिक्स याड्र्स के माध्यम से पारंपरिक हथकरघा, महिला सहभागिता और स्वदेशी वस्त्रों के संरक्षण का संदेश प्रभावी रूप से प्रसारित हुआ। फैशन शो के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। चंदेरी क्वीन का खिताब रश्मि जैन को प्राप्त हुआ, जबकि फस्ट रनरअप सोनम प्रांजल जैन एवं सेकेंड रनरअप डॉ. शिवाली यादव रहीं। मोस्ट फोटोजेनिक फेस का पुरस्कार दीपा रघुवंशी, बेस्ट कॉस्ट्यूम भारती अग्रवाल, बेस्ट वॉक गंगा रघुवंशी तथा बेस्ट साड़ी का सम्मान प्रतिभा यादव को प्रदान किया गया। मोस्ट स्टाइलिश एवं बेस्ट स्टाइलिश अवॉर्ड मनीषा यादव को, वहीं बेस्ट वाइब्स का खिताब डॉ. मनीषा यादव को मिला,चंदेरी फ्यूज़न क्वीन सिम्मी जैन बेस्ट क्रिएटिव अवॉर्ड प्रिया खुराना, बेस्ट डिवा डॉ. अंतिमा यादव, चंदेरी डिवा बेस्ट स्टाइलिश डॉ. कीर्ति रघुवंशी तथा चंदेरी फ्यूजन क्वीन का सम्मान सिम्मी जैन को प्रदान किया गया। कार्यक्रम की शोभा मुख्य अतिथि विधायक सीधी एवं पूर्व सांसद रीति पाठक, विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रवीण तिवारी एवं डॉ. चेतना मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति से और अधिक बढ़ी। कार्यक्रम का संचालन सफेद शेरों की धरती से आईं, अपनी मधुर आवाज़ और शब्दों की स्वरसाधिका डॉ. आरती तिवारी ने किया। उनके सधे, भावपूर्ण एवं प्रभावशाली संचालन ने पूरे आयोजन को एक विशिष्ट गरिमा प्रदान की और कार्यक्रम को स्मरणीय बना दिया।

# भादोन मंडल संघ शताब्दी वर्ष विशाल हिंदू सम्मेलन संपन्न



**अशोकनगर।** भादोन मंडल संघ शताब्दी वर्ष विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद प्रांत अर्चक मंदिर संपर्क प्रमुख डॉ दीपक मिश्रा थे।

उन्होने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारे देश में समाज में जिस प्रकार से राष्ट्र विरोधी तत्व आजादी के पूर्व देश को विभाजन का जो षड्यंत्र रच रहे थे। आज इस षड्यंत्र को दोहराया जाने का प्रयास किया जा रहा है जातियों के नाम पर उच्च नीच के नाम पर हमारे समाज को हमारे गांव को बांटा जा रहा है। इसलिए आज समाज को सचेत होने की आवश्यकता है। हम सब भगवान राम कृष्ण के वंशज हैं। हमारे वेद में कर्म के आधार पर व्यवस्थाएं थी जाति के आधार पर व्यवस्था नहीं थी परंतु मुगल अंग्रेज आए उन्होंने हमको जातियों में बांट दिया यह खाई बढ़ती जा रही है इसको रोकना पड़ेगा। यदि हमारे गांव को बचाना है तो आज बड़ा चिंता का विषय है कि हमारे देश के 100 से अधिक जिले ऐसी हो गए हैं जहां भारत माता की जय बोलने वाले की संख्या घट गई है वह रामनवमी का जुलूस नहीं निकल पाते हिंदू सम्मेलन नहीं कर सकते नहीं तो पत्थर बर्ष जाते है इसलिए हमें अपने मंडल को बचाना है अपने गांव-गांव में समरसता लाना होगी। इस अवसर पर सभी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा समाज परिवर्तन के लिए पंच परिवर्तन का जो अहवान किया है उसका संकल्प लिया और कहा की जात-पात की करो विदाई हिंदू हम सब भाई-भाई। इस अवसर शोभा पर यात्रा निकाली गई जो ग्राम के मंदिर होते हुए सम्मेलन प्रांगण में आई जहां गौ माता की पूजन की गई। इसके बाद मंच अशीन पूज्य संत 108 महंत कृपाल दास जी महाराज सिंह समाजसेवी रतन सिंह मातृशक्ति के रूप में पपीता बाई, शगुन बाई पार्टी लखविंदर कौर मंचसीन रहीं। कार्यक्रम का आभार समाजसेवी शीतल सिंह संधू ने किया। स्वागत राजू पारदी राजेंद्र सिंह बबलू यादव सरपंच द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन चंदन सिंह ने किया।

# ग्रामोदय से ही होगा अभ्युदय मध्यप्रदेश का निर्माणः अपर कलेक्टर डीएन सिंह

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान अंतर्गत रविवार को शासकीय नेहरू डिग्री कॉलेज अशोकनगर में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर डीएन सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मेंद्र रघुवंशी समाजसेवी ने की,विशिष्ट अतिथि रूप में महेंद्र सिंह रघुवंशी हार्डफुलनेस,बलवीर सिंह यादव स्वदेशी जागरण सहसंयोजक ,कृष्णवीर यादव जीनियस कोचिंग संचालक सुरभि नामदेव ,अवतार सिंह राजपूत पूर्व सरपंच तूमैंन की उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद की जयंती से लेकर 26 जनवरी तक संपूर्ण मध्य प्रदेश में चलाया चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत ग्रामों में ग्राम उत्सव मनाते हुए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इस अभियान को सफल बनाने में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां, नवांकुर संस्थाएं, परामर्श दाता एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।कार्यक्रम में 19 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। जिसमें नवांकुर, प्रस्फुटन एवं सीएमसीएलडीपी छात्र शामिल रहे। नवांकुर संस्थाओं द्वारा किए गए कार्यों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम में अतिथियों का सिंदूर के पौधे तथा गमछा देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में अपर कलेक्टर डीएन सिंह ने कहा कि समय एक ऐसा संसाधन है जिसे कभी वापस नहीं पाया जा सकता। इसका उपयोग केवल स्वयं की उन्नति के लिए ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए करना अनिवार्य है। कार्यक्रम में धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी ने कहा कि पहली बार रक्तदान करने से डरे नहीं बल्कि साहस दिखाकर रक्तदान करे। रक्तदान जीवन बचाने का एक अमूल्य कार्य है,जो दुर्घटना पीड़तिों, सर्जरी मरीजों, कैंसर रोगियों और थैलेसीमिया व सिकल सेल एनीमिया जैसी बीमारियों से जूझ रहे लोगों की मदद करता है, साथ ही यह दानकर्ता के हृदय स्वास्थ्य में सुधार, नए रक्त कोशिकाओं के निर्माण करता है। हार्टफुलनेस के जिला संयोजक महेंद्र रघुवंशी ने बताया कि ध्यान की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सरलता और प्रभावशीलता है। इसके नियमित अभ्यास से न केवल तनाव कम होता है, यह हमें यह सिखाता है कि जीवन की बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान बाहर नहीं, बल्कि हमारे भीतर की स्थिरता में छिपा है, जिसका स्वामी विवेकानंद जीता जागता उदाहरण है। स्वदेशी जागरण मंच के सह संयोजक बलवीर यादव ने स्वदेशी अपनाओ और देश बचाओ की अवधारणा लेकर आज के युवाओं को विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करने का आह्वान किया। कृष्णवीर यादव ने आज की युवा पीढ़ी की संगति ओर मोबाइल के दुरपयोग के बारे में बताया। परिषद् द्वारा सुरभि नामदेव और कृष्णवीर यादव को प्रतिभा सम्मान के तहत सम्मानित किया गया तथा सुरभि नामदेव द्वारा बताया गया बिना कोचिंग के उच्च स्थान कैसे हासिल कर सकते इसकी जानकारी दी। इसके अलावा रक्तदाताओं और उत्कृष्ट कार्य करने वाले को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन रचना गुप्ता एवं आभार भूपेंद्र रघुवंशी ने किया। इस कार्यक्रम विकासखंड अशोकनगर की समस्त नवांकुर संस्थाओं के अध्यक्ष सचिव, समस्त मेंटर्स, समस्त प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष सचिव सदस्यगण एवं छात्र सहित 200 प्रतिभागी मौजूद रहे।